## खबर संक्षेप

### 239 वाहनों से वसूले 89 हजार 100 रूपए

**छिंदवाड़ा।** शहर में यातायात पुलिस के द्वारा निरंतर वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे, रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात के द्वारा गुरूवार को यातायात पुलिस ने 239 वाहन चालकों से 89 हजार 100 रूपए समन शुल्क वसूल किया। इसके साथ ही कई वाहन चालकों को पुलिस द्वारा हिदायत भी दी गई कि आगे वेयातयात नियमों का उल्लंघन न करे। नहीं तोफिर से इसी तरह जुर्माना लगाया जाएगा। हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों पर, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन सहित अन्य लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही की। 239 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 89100/- रूपए समन शुल्क वसूल किया। इसी के साथ ही समझाइश भी दी गई।

### डॉ दिनेश का हुआ मप्र लोक सेवा आयोग में चयन

**सौंसर।** हाल ही में आए मध्यप्रदेश लोक सेवा संघ आयोग परीक्षा में सौसर वार्ड नं 11 निवासी डॉ दिनेश ढोक का चयन हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। इसके पूर्व डॉ ढोक सौसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस उपलब्धि पर डॉ दिनेश ढोक का समाज बंधुओ के साथ-साथ भारतीय बौद्ध महासभा सौसर, बौद्ध युवक युवति परिचय सम्मेलन समिति, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर सौसर आदि सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी के द्वारा बधाई देते हुए स्वागत सत्कार किया है।



## फैली निर्माण सामग्री से प्रसूताओं को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

# मरीजों के हिस्से का पानी निर्माण कार्य में ले रहा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी जानकारी किसी को नहीं है। ये किस विभाग का है और लागत और ठेकेदार कौन है इसका तक पता नहीं है। आचार संहिता लगने के बाद पुराने भवन को तोड़कर आनन फानन में निर्माण कार्य शुरू किया गया है और आचार संहिता का खुला उल्लंघन भी किया गया है।

वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य को देखकर लगता है कि इसमें गुणवत्ता का अभाव साफ-साफ देखा जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन भी ठेकेदार के पक्ष में ही खड़ा नजर आता है। उनके ही विभाग में हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उन्हें ध्यान देना चाहिए। लेकिन उन्हें इससे कोई लेना-देना नहीं। उल्टे वो ठेकेदार को मदद करने में ही विश्वास रखते हैं क्योंकि ठेकेदार द्वारा अस्पताल परिसर में फैली



निर्माण सामग्री होने के कारण प्रसूता कक्ष में आने वाली गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी निर्माण सामग्री से हो रही है। इससे भी गंभीर बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन ठेकेदार को अस्पताल का पानी निर्माण कार्य के लिए देने में भी कोई गुरेज नहीं बरत रहा हैं और मरीजों के उपयोग का पानी अस्पताल के ट्यूबवेल से निर्माण कार्य में उपयोग करवा रहा है। जबकि ठेकेदार को निर्माण कार्य के लिए स्वयं को पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ठेकेदार को मरीजों के हिस्से का पानी निर्माण कार्य में देकर अस्पताल के ट्यूबवेल से सुरक्षित जल जो मरीजों के उपयोग के लिए है। लेकिन ठेकेदार को हजारों लीटर पानी प्रतिदिन निर्माण कार्य के लिए देकर आने वाली गर्मी में जल संकट को अस्पताल, प्रबंधन खड़ा करने जैसा काम रहा है। शीघ्र ठेकेदार को दिए जाने वाले पानी पर रोक लगाकर मरीज के हिस्से के पानी को बचाना होगा नहीं तो मरीजों के लिए जलसंकट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## गर्भपात हो जाने से बालिका की हालत बिगड़ी

# मौसरे भाई ने नाबालिक के साथ बलात्कार कर किया गर्भवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



अमरवाड़ा थाना अंतर्गत नई आबादी क्षेत्र में कक्षा 9वी में पढ़ने वाली बालिका के साथ बलात्कार कर गर्भवती हो जाने के पश्चात बुधवार को सिविल अस्पताल अमरवाड़ा में गर्भपात हो जाने से बालिका की हालत चिंता जनक, स्थिति में जिला अस्पताल रेफर किया गया है प्रकरण इस प्रकार बताया जाता है कि अमरवाड़ा के हाई स्कूल में कक्षा 9वी मैं ग्रामीण क्षेत्र बोरी माल से आकर बालिका अपनी मौसी के यहां नई आबादी अमरवाड़ा में रहकर अध्ययन कर रही थी ,लगभग 8 महीने पूर्व जब वह अपनी मौसी के यहां अकेली थी उसकी मौसी किसी कार्य से छिंदवाड़ा गई थी तब उसके रिश्ते का भाई शंकर तेकाम जो की खेरि हमीरा का रहने वाला है मौसी के घर आया और बालिका से बोलने लगा मैं तुमसे प्यार करता हूं और शादी करना चाहता हूं फिर शंकर ने बालिका के साथ जोर जबरदस्ती करके दुष्कर्म किया और बोला कि किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। शंकर लगातार नाबालिक के साथ दुष्कर्म करते रहा नवंबर 2023 में बालिका ने शंकर को बताया कि वह गर्भवती हो गई है उसे शंकर ने कहा कि ठीक है, अपन शादी करेंगे. बालिका अमरवाड़ा से अपने घर चली गई वहां भी शंकर मिलने आता और गलत काम करता दो दिनों पूर्व शंकर ने बालिका के ग्रह ग्राम आकर जबरदस्ती फिर गलत काम किया। यह बात उसने अपने परिजनों को बताई बुधवार को बालिका को अचानक पेट दर्द हुआ तो उसने अपने मम्मी को बताया तो मम्मी ने कहा पेट दर्द की गोली खा लो लेकिन पेट दर्द ठीक नहीं हुआ तो बालिका को परिजन अपने साथ लेकर सिविल अस्पताल अमरवाड़ा लेकर लेकर आए आते ही बालिका को गर्भपात हो गया, तब परिवार के लोगों को पता चला कि बालिका गर्भवती है। नाबालिक जानते हुए शंकर ने जबरदस्ती बालिका के साथ बलात्कार किया जिससे वह गर्भवती हो गई और गर्भपात हो गया गया नावालीग की रिपोर्ट पर नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह के निर्देशन पर थानेदार दीपा ठाकुर ने भादवीकी धारा 366A, 376hn,. 376/3/506 लैंगिक अपराध में बालकों के संरक्षण अधिनियम 3.4.5.5,/ 1/5q,6 मैं अपराध पंजीयन कर आरोपी को तलाश करने पुलिस रवा1न1 हुई।

# महिला मरीज का चूहों से कुतरा पैर, आज कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बीते दिनों जिला अस्पताल में महिला वार्ड में भर्ती गिरिजा मालवी का अंगूठा और ऐडी में चूहों के काटने की घटना सामने आई थी। इस संबंध में अस्पताल के सिविल सर्जन ने कहा था कि रोकथाम के लिए पेस्ट कंट्रोल होता है। इसके अलावा मिली जानकारी के अनुसार चूहे के काटने की घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन जागा और गुरूवार को इन चूहों को अस्पताल सफाई कर्मी ढूंढते रहे। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल में महिला वार्डों सहित अन्य जगहों की साफ सफाई कराई गई जिससे अस्पताल में भर्ती किसी भी मरीज को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।



### जिला अस्पताल के सामने लगता है जाम

जिला अस्पताल के सामने वाहनों के जाम लगने की समस्या अभी की नहीं है बल्कि ये समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है। लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस पर कोई कार्यवाही या व्यवस्था नहीं बनाई गई है। जिला अस्पताल के गेट नंबर दो के सामने अक्सर वाहनों के जाम लगे रहते है। इस वजह से मरीज को अस्पताल ले जाने वाली गाड़ियां व लाने वाली गाड़ियां नहीं निकल पाती। इस वजह से मरीजों के साथ साथ परिजन भी काफी परेशान होते है। इसके अलावा यहां से निकलने में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में अगर किसी मरीज की हालत ज्यादा खराब रही और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाना पड़ा तो ऐसे में यह जाम की स्थिति से उन्हें काफी दिक्कत हो सकती है।

# 10वीं-12वीं में खराब परिणाम वाले सभी स्कूलों के प्राचार्यों को जारी करें नोटिसः कलेक्टर

### कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से सत्र 2023-24 में जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में मंडल परीक्षाओं के परिणामों की विकासखंडवार और स्कूलवार विस्तृत समीक्षा की गई और खराब परीक्षा परिणाम वाले सभी स्कूलों के प्राचार्यों का इंक्रीमेंट रोकने का लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में एम.पी.टास पोर्टल पर विद्यार्थियों की प्रोफाइलिंग, पाठ्य पुस्तक वितरण, लंबित पेंशन प्रकरण, शिकायत प्रकरण, व्यावसायिक शिक्षा, स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने आदि बिन्दुओं पर भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक शिक्षा व सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग श्री उमेश सातनकर सहित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसीसी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कम परिणाम के कारणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। आपके द्वारा दायित्वों के निर्वहन में की जा रही लापरवाही से बच्चों का वर्तमान और भविष्य खराब हुआ है, जिससे उनकी पूरी जिंदगी भी खराब रहेगी। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना एक तरह का अपराध है। इस लापरवाही के लिए किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। आगामी शिक्षण सत्र में बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त हों, उसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें। शिक्षा विभाग के सभी फील्ड ऑफिसर को मिलकर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देना है। यदि कोई प्राचार्य या शिक्षक समझाईश देने के बाद भी सुधार न करें तो कार्यवाही का प्रस्ताव बिना संकोच के भेजें, अन्यथा लापरवाहों के साथ ही आप पर भी कार्यवाही की जाएगी। अगले सत्र में सुधार के लिए जुलाई-अगस्त माह का समय दिया जाएगा, उसके बाद कार्यवाहियां की जाएंगी। सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति निर्धारित समय से कम से कम 10 मिनट पहले सुनिश्चित हो जाए। कोई भी शिक्षक बिना पूर्व अनुमति के स्कूल से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। केवल इमरजेंसी प्रकरणों में छूट दी जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने शिक्षकों के पेंशन के लंबित 21 प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करवाने के लिए तत्काल जिला पेंशन अधिकारी को समक्ष में सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम नोट कराए और यथाशीघ्र स्वीकृति की कार्यवाही के निर्देश दिए।

### अमर शहीद विक्की पहाड़े के निवास पहुंचे विवेक बंटी साहू, अर्पित की श्रद्धांजलि

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष एवं छिंदवाड़ा लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के सपूत, अमर शहीद कोर्पोरल विक्की पहाड़े जी के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार के सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की । भाजपा जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कार्पोरल विक्की पहाड़े जी के परिवारजनों को मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का दिया हुआ पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री के पत्र में सर्किट हाउस चौराहे पर शहीद की प्रतिमा एवं प्रवेश द्वार, राज्य शासन द्वारा आर्थिक सहायता घोषणा, पत्नी को शिक्षा विभाग में नियुक्ति, पुत्र के भविष्य हेतु भूमि का आवंटन एवं किसी भी शासकीय संस्था का नाम अमर शहीद विक्की पहाड़े के नाम करने संबंधी बहन ने पत्र सौंपी। श्री साहू ने उक्त सभी विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता लखन वर्मा, पाशा भाई, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, पार्षद भूरा भावरकर, पंकज पाटनी, चंद्रपाल पटेल, संतोष साहू, जितेन्द्र राय, मनीष निर्मलकर, रवि मालवीय, ममल जैन उपस्थित रहे ।

## पुस्तक मेला विवाद पहुंचा सीएम हाउस

# स्टेशनरी संचालक पर हो कड़ी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले का पुस्तक मेला अब मुख्यमंत्री की चौखट तक जा पहुंचा है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रयास से एमएलबी स्कूल में लगे शासकीय पुस्तक मेले में कौशल बुक डिपो के संचालक संजय कौशल द्वारा अभिभावक उपभोक्ता राजेश जैन के साथ की गई अभद्रता एवं गाली गलौच और फर्जी बिल सौंपकर धोखाधड़ी का मामला अब मुख्यमंत्री की चौखट तक जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देकर पहुंचाया जा रहा है। जन सेवा हिताय संगठन ने अपने बैनर तले शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से अनुरोध किया है कि ऐसे मुनाफाखोरी करने वाले और अभिभावक उपभोक्ताओं को लूटने वाले और फर्जी बिल देने वाले स्टेशनरी संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाने की मांग की है।

संगठन के सदस्यों ने यह भी मांग की कि पुस्तक मेला एक शासकीय आयोजन था और शासकीय आयोजन में एक अभिभावक के साथ की गई अभद्रता के कारण स्टेशनरी संचालक के विरूद्ध एफआईआर तो दर्ज कर ली गई है परंतु ऐसे बहुत से स्टेशनरी और गणवेश की दुकान चलाने वाले दुकानदार है जो अभिभावकों की मजबूरी और मासूमियत का फायदा उठाकर महंगी वस्तुएं बेचते है और अपने लाभ का कुछ हिस्सा कमीशन के तौर पर स्कूल संचालकों को देते है।

यूं तो हर बार ही अपने मासूम बच्चों के लिए अभिभावक मजबूरी में सबकुछ सहन करता है परंतु पुस्तक मेले में विवाद का वायरल वीडियो ने सारी कहानी बयां कर दी। इसलिए अभिभावकों के समर्थन में कई सामाजिक संगठन सामने आ रहे है ताकि माफिया के तौर पर काम करने वाले स्टेशनरी संचालकों पर भी शिकंजा कसा जाए अन्यथा आमजन का प्रशासन से विश्वास उठ जाएगा और वह बेबश होकर इस आर्थिक अत्याचार का सामना करते रहेगा। ज्ञापन देने वालों में अनिल सूर्यवंशी, लक्ष्मी निमजे, माधुरी तोमर, बादल भारद्वाज, दीप्ति नाग, शुभम मंडराह, सागर भारद्वाज, रितेश राय, गोलू वर्मा, हर्षा बनोदे के अलावा इनके कई साथीगण मौजूद रहे।

# नेताओं ने कलेक्टर को शराब दुकान हटाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रंगारी सापर ओर वार्ड क्रमांक 14 सौसर में की शराब दुकान को लेकर गुरुवार को रंगारी सापर के ग्रामीणों के साथ विधायक विजय चौरे ने ज्ञापन सोपते हुए शराब दुकान हटाने की मांग की है। इसके पूर्व भी सरपंच नितेश ठाकरे और ग्रामीणों के द्वारा शराब दुकान के लगने से रँगारी सापर में आम जनमानस स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं को होने वाली परेशानी समस्याओं को लेकर आबकारी अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सोपा गया था। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने बताया कि रगारी में जिस भवन में वर्तमान में शराब दुकान का संचालक केलिए चयनित किया गया है।वह भवन शासकीय योजना से बनाया गया है। शराब दुकान खोले जा रही वह व्यस्ततम एरिया है। आम जनमानस के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को भारी कठिनाई परेशानी होगी आए दिन विवाद होंगे। रंगारी सापर की शराब की दुकान हटाने का ज्ञापन दिया है। इस दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके,कांग्रेस समन्वयक भागवतराव महाजन, ज़िला उपाध्यक्ष अनिल ठाकरे,नगर अध्यक्ष संजय ठाकरे आदि मौजूद थे।

### वर्षा नागदेव का सुयश, 12वीं में बनाए 88.02 प्रतिशत



**जुन्नारदेव।** नगर के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं गणित संकाय की छात्रा वर्षा नागदेव पिता विनोद नागदेव द्वारा 88.02 प्रतिशत अंक हासिल कर विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, अपनी माता मीना नागदेव, परिवार जनों सहित अपने शिक्षकों को दिया है। उनकी इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित परिवारजनों सहित स्कूल प्रबंधन ने बधाई प्रेषित की है।

# न्यूनतम वेतन अधिनियम मामले में मिली कामगारों को जीत

### ठेका कामगारों को मिली जीत पर किया आभार व्यक्त,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र की रेमंड ईकाई में न्यूनतम वेतन को लेकर कामगारों के द्वारा विगत तीन दिनों से कि जा रही उठापटक के बाद में गुरुवार को छिंदवाड़ा श्रम विभाग कार्यालय में श्रम अधिकारी संदीप मिश्रा,रेमंड कंपनी प्रबंधन, ठेकेदार और कामगारों की हुई बैठक में मामला सुलझ गया है। श्रमिकों का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता पंकज ठाकरे ने बताया न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत म०प्र० शासन द्वारा दिनांक 01-4-24 से पारित किये गये पुनरिक्षित न्यूनतम वेतन व मंहगाई भत्ता नहीं दिये जाने को लेकर कामगारों के द्वारा मांग की जा रही।

गुरुवार कोछिंदवाड़ा श्रम कार्यालय में हुई बैठक में रेमंड कंपनी प्रबंधक की ओर से राघवेन्द्र सिंह, ठेकेदार जितेन्द्र चौधरी ओरश्रमिक पक्ष की ओर से पंकज ठाकरेप्रितम राऊत,राजू पाण्डे, गणेश सोनेकर,आदि थे। बैठक के दौरान श्रमिक पक्ष को न्यूनतम वेतन को लेकर कुछ भ्रानतिया थी।जिसका चर्चा के बाद निराकरण किया गया।बैठक में ठेकेदार श्रमिक पक्ष को 378 रूपये के हिसाब से मजदूरी का भुगतान करेगे।साथ ही भुगतान पर्चा भी दिया जाएगा।शासन द्वारा 1-4-2024 से जो मजदूरी की दरे बढ़ी है। मा० उच्च न्यायालय की रोक से हटने पर उसका भुगतान नियमानुसार किया जाएगा। कंपनी ठेकेदार किसी भी श्रमिक को कार्य से पृथक नही करेगा। साथ ही सभी श्रमिकों को कार्य के अनुसार समायोजन किया जाएगा।इस दौरान राजेन्द्र ठाकरे,प्रदीप यादव,अजय राजुरकर,गनेश सावरकर,अतुल वाडेकर, गणेश सोनेकर अजय वसाडे आदि थे।

## विश्व परिवार दिवस विशेष पर जिले में निवास करता है अनोखा परिवार

# एक साथ मिलजुलकर रहते हैं तीन पीढ़ी के 30 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ।सिंगोड़ी

त्याग और समर्पण है संयुक्त परिवार की पहचान। परिवार वह बंधन है जो इंसान को जीवन के हर मोड़ पर सहारा देता है और हर मुश्किल घड़ी साथ खड़ा रहता ता है। विश्व परिवार दिवस इसी रिश्ते को मान सम्मान देने और इसके महत्व को समझाने का दिन है। हर वर्ष 15 मई को विश्व परिवार दिवस मनाया जाता है।

नौकरी, रोजगार, महानगरों के आकर्षण से एक ओर जहां संयुक्त परिवारों की संख्या कम हो रही है, वहीं छिंदवाड़ा जिले की पंचायत सिंगोड़ी का संयुक्त सोनी-राव परिवार अन्य लोगों के लिए आदर्श है। इस 5 भाईयों के परिवार में 3 पीढ़ी के 30 सदस्य एक साथ मिलजुलकर रहते हैं। परिवार के मुखिया सदस्य भास्कर राव सोनी की मृत्यु उपरांत अब पप्पू राव सोनी परिवार को संभाल रहे हैं। परिवार के सदस्यों की एकता, खुशी और सफलता भी इसी संयुक्त परिवार की वजह से बनी बनी है। परिवार के सदस्य विश्व परिवार दिवस के अवसर पर 15 मई को घर और मंदिर में पूजन अर्चना के साथ दिन की शुरूआत करेंगे।



### परिवार के सदस्य

**मुखिया सदस्यः** यशवंत राव-बेबी बाई, मधुकरराव मीना ताई, पप्पू राव- संध्या सोनी, संगीता स्व. भास्कर राव सोनी, पवन राव-प्रियंका सोनी, रक्षा ताई। दूसरी पीढ़ी के सदस्य योगेश ऊर्फ निखिल रिंकू ताई, अखिल-आरती ताई, स्वप्निल अंजली ताई, मयूर श्वेता ताई, गुंजन, सुयश, मयंक, खुशी, नंदिनी, वेदांत, वसुंधरा, यशस्वी, युधिष्ठिर। तीसरी पीढ़ी के सदस्य रक्ष, रसिका, अवनी, वाणी।



**डेंगू बुखार डेन नामक वायरस से होता है, गत दिवस छह डेंगू के केस मिले, जिले भर में कुल 241 डेंगू के पॉजीटिव केस मिले थे**

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर बताए डेंगू से बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.सी.चौरसिया ने बताया कि प्रति वर्ष 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2024 में 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' की ₹थीम कनेक्ट विथ कम्यूनिटी कंट्रोल डेंगू₹ रखी गई है। जिले में वर्ष 2021 में कुल 241 डेंगू पॉजिटिव केस थे। विभाग के प्रयास एवं जनसमुदाय के सहयोग से डेंगू केसेस में लगातार कमी आ रही है और वर्ष 2023 में कुल डेंगू केसेस घटकर 26 हो गये हैं। जनवरी 2024 से 15 मई 2024 तक कुल 6 डेंगू केसेस पाये गये हैं।

### डेंगू क्या है

डेंगू बुखार डेन नामक वायरस से होता है और यह एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमित एडीज मच्छर के काटने के 3 से 5 दिन के बाद डेंगू के लक्षण प्रकट होते हैं।

### डेंगू के लक्षण

डेंगू के सामान्य लक्षण- सिर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, तेज बुखार, शरीर में चकत्ते या रेशेस, भूख में कमी।

### डेंगू के गंभीर लक्षण

नाक मसूड़े से खून निकलना, उल्टी व मल के साथ खून आना, पेट में तेज दर्द होना, पेशाब कम होना एवं प्लेटलेट्स की संख्या 40 हजार से कम होना।

### डेंगू की जांच

जिला चिकित्सालय एवं छिंदवाडा इंस्टिट्युट ऑफ मेडिकल साइंसेज में एलाइजा द्वारा निःशुल्क जांच उपलब्ध है।

### डेंगू का उपचार

डेंगू का कोई विशिष्ट एंटी वायरल उपचार तथा टीका उपलब्ध नहीं है। चिकित्सक की सलाह से ही बुखार कम करने के लिये पैरासिटामॉल का सेवन करना चाहिये तथा एसपिरिन अथवा दर्द निवारक गोली का सेवन नहीं करना चाहिये।

### डेंगू वाहक

डेंगू वायरस मुख्यतः संक्रमित एडीज एजिप्टी तथा एडीज एल्बोपिकट्स मच्छर के काटने से स्वस्थ्य मनुष्य में फैलता है। यह मच्छर रूके हुए साफ पानी में पैदा होता है।

### घरेलु मच्छर व पनपने वाले स्थान

यह मच्छर मनुष्य द्वारा निर्मित पानी के कंटेनर जैसे- ओवरहेड टैंक, सिंटेक टैंक, प्लास्टिक ड्रम, सीमेंट टैंक, धातु के बने ड्रम, फूलदान, बर्डबाथ, मनीप्लांट पात्र आदि में साफ जमा पानी में प्रजनन करता है।

### डे बाइटर

यह मच्छर दिन में ही काटता है, एक दिन में 7 से 9 व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है।

### अण्डे

यह अपने अण्डे सीधे जल सतह पर न देकर स्त्रोत के किनारे पर देते हैं। अण्डे चिपचिपे होते है। शुष्क अवस्था में अण्डे डेढ़ वर्ष तक जीवित रह सकते हैं।

### उड़ान क्षमता

यह 400 मी. तक उड़ कर जा सकते हैं।

### मच्छर के काटने से बचाव के उपाय

सोते समय हमेशा मच्छरदानी लगाकर मच्छरदानी के अंदर सोना चाहिए। पूरी आस्तीन के या पूरे शरीर ढंकने वाले कपड़े पहनना चाहिए। शाम के समय दरवाजे, खिड़कियों को बंद करके रखना चाहिए तथा घर के अंदर मच्छर रिपिलेंट मॉसक्विटो कॉइल, नीम पत्तियों का धुआं करना चाहिए।

### मच्छर के प्रजनन स्थल को नष्ट करने के उपाय

खुले जल के कंटेनरों को तीन दिन में ही रगड़कर साफकर पुनः उपयोग के लिये पानी भरना चाहिये, जिससे के अंडे से लार्वा न बन पाये। घर व आसपास पानी से भरे सीमेंट के टांकों को पूर्णतया ढंक कर रखें। मच्छरों के प्रजनन स्थल जिनका पानी खाली करना संभव नहीं हैं, उनमें प्रति 100 लीटर पानी में 30 एम.एल. पेट्रोल/मिट्टी का तेल/मीठा तेल डालना चाहिये, ऐसा करने से मच्छरों का पनपना रूक जाता है।

## खाटू श्याम कीर्तन एस.डी. लॉन में कल

**छिंदवाड़ा।** सुप्रसिद्ध भजन गायिका अधिष्ठा भटनागर और अनुष्का भटनागर मंदसौर मध्यप्रदेश से और गायिका तनुश्री वैष्णव चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) से पधारे श्याम परिवार चंदनगांव के तत्वाधान में होने जा रहे, कल दिनांक 18 मई दिन शनिवार को शाम 6 बजे से छिंदवाड़ा नागपुर रोड स्थित एस.डी. लॉन में एक अर्जी मेरे श्याम से भव्य कीर्तन संपन्न होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका अधिष्ठा भटनागर अपने सुमधुर भजनों की रंगारंग प्रस्तुती देंगी । कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों को खाटू श्याम जी के सुंदर दरबार के दर्शन होंगे, साथ ही श्याम रसोई, अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखण्ड ज्योत, 1 क्विंटल फूलों पुष्प वर्षा, आकर्षक लाईट एवं साउण्ड की एवं अन्य व्यवस्था श्री श्याम परिवार चंदनगांव ने की है, कार्यक्रम में महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है । इस अवसर पर समस्त सनातन धर्म प्रेमियों से समिति ने आग्रह किया है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें ।

# भगवद गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा एवं श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरुकुल और महिला उत्थान आश्रम में आज श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने साध्वी रेखा बहन ( उल्लास नगर ) के मोक्ष के लिए श्री मद भगवद गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि हमारे आश्रम में समर्पित बहन साध्वी रेखा का कल हरिद्वार में परलोक गमन हो गया । उनकी उम्र 49 वर्ष थी । जब वो 8 वर्ष की थी उनको हृदय रोग हुआ था। उनके पिता ने ऑपरेशन करवा दिया । डॉक्टरों ने कहा लगभग 15 वर्ष और जीवित रह सकती हैं । उनके पिता पूज्य बापूजी के भक्त थे। उन्होंने रेखा बहन को आश्रम छोड़ आये । आश्रम में पूज्य बापूजी के आशिर्वाद से रेखा बहन ने योग , ध्यान , प्रणायाम और सात्विक आहार लिया । आश्रम की सेवा और साधना में मन लगाया । वो विश्व की प्रसिद्ध वक्ता बनीं। देश भर में जगह - जगह उनके सत्संग कार्यक्रम सम्पन्न होते रहे । 17 जुलाई 2022 को छिंदवाड़ा में उनका ऐतिहासिक सत्संग भी सम्पन्न हुआ , जिसमें लगभग 20 हजार लोगों ने उपस्थित दर्ज की थी ।पूज्य संत श्री आशारामजी बापू पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध वो अंतिम सांस तक लड़ते रहीं , देश भर में सनातन संस्कृति और गुरु ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहीं । 15 मई को उनका शरीर छूट गया। उनके मोक्ष के लिए श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया । वहीं छिंदवाड़ा के माटी के लाल वीर शहीद विक्की पहाड़े के मोक्ष हेतु पाठ कर तर्पण किया । वीर शहीद विक्की पहाड़े की अंतिम क्रिया वैदिक रूप से करवाने में भी सहयोग किया था । इस दैवीय कार्य में साध्वी नीलू बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , प्रबंधक सुशील सिंह परिहार , सुजीत सूर्यवंशी , सुभाष इग्ले , बबलू महोरे महिला समिति से विमल शेरके , छाया सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

# अवैध रूप से गिट्टी परिवहन करते पाये जाने पर एक डंपर वाहन जप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एसडीएम परासिया श्री पुष्पेंद्र कुमार निगम व खनि अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिन्दवाड़ा में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज व राजस्व विभाग के दल द्वारा आज उमरेठ तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन से संबंधित कार्रवाई की गई, जिसमें ग्राम मोठार में अवैध रूप से गिट्टी परिवहन करते हुए पाये जाने पर एक डंपर वाहन क्रमांक एमपी 28 जेड एफ 0972 को जप्त कर खनिज गिट्टी के साथ पुलिस थाना देहात की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक खड़ा किया गया। इस वाहन पर खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर निर्णय के लिये कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जायेगा । कार्यवाही के दौरान तहसीलदार उमरेठ श्री रविंद्र पारधी, खनि निरीक्षक श्री विवेकानंद यादव एवं विभागीय अमला साथ में था।

# चारों चरणों में छिंदवाड़ा में हुआ सर्वाधिक मतदान

**संसदीय क्षेत्र के 79.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्रों में चार चरणों की मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई है । मंगलवार को चुनाव आयोग ने चारों चरणों के आंकड़े जारी कर दिए हैं। चार चरणों में प्रदेश में 66.87 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जिसमें पुरुष मतदाताओं का मतदान 69.37 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं का मतदान 64.24 प्रतिशत रहा। चारों चरणों की वोटिंग में प्रदेश में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 79.83 दर्ज किया गया है, जिसमें पुरुष मतदाताओं का मतदान 81.23 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं का मतदान 78.40 प्रतिशत रहा। यह मतदान प्रतिशत केवल ईवीएम से हुए मतदान का है, जो पोस्टल बैलेट का मत प्रतिशत जुड़ने पर और अधिक हो सकता है । निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के साथ ही प्रदेश में सर्वाधिक मतदान के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के दोनों जिलों छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने मतदान कार्य में लगे सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों, विभिन्न कार्यों के नोडल अधिकारियों, अन्य अधिकारी, कर्मचारियों, मतदान दलों और स्वीप की पूरी टीम को भी सर्वाधिक मतदान के लिए बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

**समय से पूर्व आने के बाद भी घंटो तक नहीं मिलता गरीबों को राशन**

# गरीब आदिवासियों को परेशान कर रहा रिसेवाड़ा सोसायटी का सेल्समेन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र लांजी के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम रिसेवाड़ा में संचालित सरकारी उचित मूल्य की दुकान में महीनों से राशन लेने के लिए सोसायटी के चक्कर काटने एवं सेल्समेन की मनमानी से लिए आदिवासी मजबूर हैं। ग्रामीण 30 किलोमीटर दूर से पैदल या अन्य साधनों से राशन लेने के लिये रोजाना आते हैं, लेकिन राशन नहीं मिलने या देरी से मिलने से खासे परेशान हैं। शासन द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से सस्ते दामों में अनाज प्राप्त होता है। दरअसल ये समस्या ऑनलाइन पीओएस मशीन के चलते तो हो रही है, परंतु यहां पदस्थ सेल्समेन कृष्ण कुमार माहुले की मनमानी से भी वनांचल ग्रामों से पहुंचने वाले आदिवासी ग्रामीणों को दिक्कते आ रही है। यहां कभी मशीन में नेटवर्क नहीं रहने से ग्रामीणों की अंगुलियों का निशान नहीं लगता है। साथ ही कभी नेटवर्क रहा तो भी वेबसाइट बंद मिलता है, जिसके चलते हितग्राहियों को अनाज वितरण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशन लेने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया की वे अपने दैनिक कार्यों को छोड़कर दुकान खुलने से पूर्व राशन दुकान पहुंच तो जाते है परंतु सेल्समेन द्वारा उन्हें अनाज वितरण न कर स्थानीय ग्रामीणों को पहले राशन उपलब्ध कराया जाता है। विरोध करने पर सेल्समेन और भी उग्र हो जाता है और बाजार से खरीदकर भरण पोषण की बात कहता है ऐसे में वह अपनी समस्या किसे सुनाएं?

### 35 किलो राशन का बोझ लेकर 25 किलोमीटर का सफर

विदित हो की ग्राम रिसेवाड़ा में संचालित उचित मूल्य की दुकान में 5 ग्रामों के ग्रामीणों को राशन उपलब्ध होता है जिसमें रिसेवाड़ा, टिमकीटोला, जामुनटोला, सीतापाला और कट्टीपार ग्राम शामिल है। सबसे ज्यादा समस्या सीतापाला और कट्टीपार से पहुंचने वाले ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। यह दोनो ही ग्राम सोसायटी से लगभग 15 और 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिसके कारण उन्हें राशन लेने में ज्यादा परेशानी होती है वह समय से पूर्व सोसायटी तो पहुंच जाते है परंतु सेल्समेन कृष्ण कुमार माहुले कभी उन्हें समय से राशन नहीं देते ऐसे में वाहन न मिलने पर उन्हें पैदल ही अपने कंधो पर 35 किलो राशन का बोझ लेकर अपने ग्राम जाने के लिये विवश होना पड़ता है।

### विभागीय अधिकारी भी नहीं नहीं लेते सुध

जानकारी में पता चला कि नेटवर्क और विभागीय साइट के बंद होने से कभी समस्या उत्पन्न हो रही है तो कभी राशन कार्ड जमा करने के बाद घंटो तक भीषण गर्मी में ग्रामीण अपनी बारी आने का इंतजार करते आसानी से देखे जा सकते है। परंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण हालात जस के तस बने हुए हैं। इस मामले में उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन कृष्ण कुमार माहुले से सवाल किया गया तो उन्होने बताया कि शासन का नियम है कि ऑनलाइन के माध्यम से ही अनाज दिया जाए। शासन के आदेशानुसार ही अनाज वितरित किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों को परेशान करने के सवाल पर वह मौन हो गए। जबकि रिसेवाड़ा सोसायटी में लगभग 800 परिवारों को राशन उपलब्ध कराया जाता है ऐसे में समय पर राशन न मिलने से ग्रामीणों का आक्रोशित होना लाजमी है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामले को संज्ञान में लाया गया है, इस संबंध में जानकरी जुटाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। और सेल्समेन अगर कोई गलती कर रहे हैं तो सख्त हिदायत देकर हितग्राहियों को समय से राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

**मिलन तिवारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लांजी**

# पीएम आवास से बने मकानों की हुई ब्रिकी

**वार्ड क्रमांक 05 का मामला**

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



इन दिनों कटंगी शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बने आवासों का भौतिक सत्यापन हो रहा है. इस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राही मिले है. जिन्हें 2018-19 में आवासी स्वीकृत होने के बाद भी तीसरी किस्त यानी 50 हजार की राशि नहीं मिली है. वहीं जांच दल ने भौतिक सत्यापन में यह भी पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों की ब्रिकी हो गई है. जिस हितग्राही को आवास योजना का लाभ मिला था. उस हितग्राही ने आवास को बेच दिया है. अब वहां खरीददार निवास कर रहा है. जैसा कि एक दिन पहले यह वार्ड क्रमांक 02 में यह पाया गया था कि वार्ड क्रमांक 02 में दो ऐसे हितग्राही मिले थे. जिनका डीपीआर में नाम नहीं है. अब पता चला है कि उनमें एक हितग्राही गुलाबचंद राहंगडाले का नाम वार्ड क्रमांक 01 के डीपीआर में है. वैसे तो प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मकानों को किराये पर देना और नगरपालिका की अनुमति के बिना इन्हें बेचना प्रतिबंधित है। संशोधित गाइडलाइन में इसके स्पष्ट निर्देश हैं. बावजूद इसके कटंगी में पीएम आवास के हितग्राही ने मकान बेच दिया और इसकी भनक तक नगर परिषद को नहीं लगी। वार्ड क्रमांक 05 में जिन मकानों को बेचे जाने की जानकारी मिली हमने उन सभी मकानों को देखा. दो मकान खाली मिले जिनमें दो मकान बेचे जाने की पुरी तरह से पुष्टि हुई. इन तीनों ही मकानों में कहीं भी हितग्राही नहीं मिले. रेणुका देवाहे नाम की हितग्राही को जो आवास स्वीकृत हुए उसे रवि ताजिर द्वारा खरीदे जाने की जानकारी सामने आई. जब रवि ताजिर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वह मुकर गए. मगर, आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि उन्होंने ही आवास खरीदा है. वहीं रेणुका के पति ने बताया कि भाई से विवाद होने के कारण मकान में ताला लगा रखा है. वहीं ललिता नाम की एक हितग्राही का मकान किसी महिला ने खरीद लिया है. इस मकान में अब 2 हजार रुपए देकर कोई किराएदार रहने के लिए आ गए है. इसी प्रकार एक मकान को भी बेच दिया गया. हालांकि जब हम वहां पहूंचे तो मकान में ताला लगा हुआ था। गरीब लोगों का एक ही सपना होता है कि उनके पास सिर ढकने के लिए अपनी छत हो, इसके लिए वो लगातार दिन-रात मेहनत भी करते हैं. फिर भी पक्की छत नहीं बना पाते. ऐसे में केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना शुरू की थी. इस स्कीम का जमकर दुरुपयोग किया गया है. बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ देने में नगर परिषद कटंगी की ओर से घोर लापरवाही बरती गई है. जिनके पास पहले से ही पक्के मकान थे. ऐसे लोगों को भी नगर परिषद ने हितग्राही बनाकर योजना का लाभ दिया है. एक ही परिसर में एक परिवार में पिता-पुत्र और भाईयों को आवास योजना का लाभ पहुंचाया गया है. तर्क दिया गया है कि राशन कार्ड और समग्र आईडी अलग-अलग होने के कारण लाभ पहुंचाया गया. जबकि वास्तविकता तो यही है कि दोनों एक ही परिसर में और एक ही घर में निवास कर रहे है. वार्ड क्रमांक 14 में पिता-पुत्र को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है. पिता के नाम का आवास तो बन गया पुत्र के नाम के आवास का पता नहीं है. यह तमाम विसंगतियां जांच दल के सामने आ रही है. बहरहाल, नगर में पीएम आवास योजना में जो गड़बड़ी हुई है उसमें ना सिर्फ अधिकारी और कर्मचारी दोषी दिखाई पड़ते है बल्कि पीएम आवासों को जिया टैग करने वाली कंपनी ईजीआईएस भी इसमें बराबर की दोषी हो सकती है. इस कंपनी के जिन कर्मचारियों ने जिया टैग किया है।

**आर्ट ऑफ लिविंग ने हजारों लोगों का जीवन बदला : लोकचंद ठाकरे**

# आध्यात्मिक गुरु व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था संस्थापक श्री श्री रविशंकर गुरुजी का जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



आर्ट ऑफ लिविंग परिवार व भारत विकास परिषद वारासिवनी के सदस्यों ने आध्यात्मिक गुरु व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव गंगोत्री स्थित भारत विकास परिषद कार्यालय में मनाया। जिसमें सर्वप्रथम श्री श्री रविशंकर गुरुजी के छाया चित्र पर सभी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया। उसके बाद संगीतमयी भजन संध्या सहसत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें ज्ञान, ध्यान, गान की अविरल धारा प्रवाहित हुई। जिसका लाभ सभी साधकों द्वारा लिया गया।

आध्यात्मिक ज्ञान योग व ध्यान से बदला जीवन

इस मौके पर संस्था अध्यक्ष लोकचंद ठाकरे ने कहा कि पूरे विश्व में शांति एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए सदैव प्रयत्नरत लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सिखाने वाले आध्यात्मिक गुरु पूज्य श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव मनाना हम सभी के लिए सौभाग्य कि बात है। पूरे विश्व में हजारों जीवन को आर्ट ऑफ लिविंग ने आध्यात्मिक ज्ञान योग और ध्यान के बदौलत बदला है। वहीं भविष्य में भी गुरुजी की संस्था द्वारा प्रेरित प्रकल्पों को जन मानस के जीवन में परिवर्तन के लिए आगे बढ़ाया जाएगा।

## न्यायाधीश ने वारासिवनी उपजेल का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा गुरुवार को उपजेल वारासिवनी का निरीक्षण किया गया। श्री थपलियाल ने निरीक्षण के दौरान उपजेल वारासिवनी के समस्त वार्डो में निरूद्ध बंदियों से चर्चा की तथा उपजेल में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बंदियों की भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

**वनविभाग का कारनामाः वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी के नंदोरा बीट के कक्ष क्रमांक 355 का मामला**

# खूंटों के स्थान पर जीवित पेड़ों पर ठोकी जा रही बारबेड तार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कूप कटाई के समय मवेशियों को जंगल में जाने से रोकने एवं जंगली जानवरों को मार्ग में आने से रोकने के लिये वनों में बारबेड तार लगाये जाते है ताकि किसी प्रकार की कोई घटना, चोरी या दुर्घटना घटित न हो। परंतु बारबेड तार लगाने के लिये अधिकारियों और कर्मचारियों को विभाग के नियमों का पालन करना होता है। परंतु वन परिक्षेत्र पूर्व के नंदोरा बीट के कक्ष क्रमांक 355 में ऐसा न करते हुए खूंटो के स्थान पर जीवित पेड़ों पर ही बारबेड तार और कील ठोक दिये गये है जिससे हरे भरे पेड़ों का अस्तित्व खतरे में है। वनविभाग का कार्य होता है की वह पेड़ों की रक्षा करें और पेड़ों को कटने और मरने से बचाए परंतु वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी में वनों के रक्षक ही उनके लिये भक्षक बन बैठे हैं। बता दें कि पहले कटीले तार के साथ सीमेंट वाले खंभों का उपयोग किया जाता था, लेकिन सीमेंट के खंभे में लोहा होने से चोर इन्हें तोड़ दिया करते थे। इसके लिए वन विभाग ने सीमेंट की जगह बांस के खंभों का उपयोग चालू किया है। जिनका उपयोग भी किया जा रहा है। इससे कटीले तार की फेंसिंग सही सलामत है। परंतु यह बांस के खंभे मात्र गिनती भर के है पूरी की पूरी फेंसिंग हरे भरे पेड़ों पर की जा रही है और उन्हें मारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

**वनरक्षक ने नहीं दिया संतोषजनक जवाब :** इस संबंध में जब नंदोरा बीट के कक्ष क्रमांक 355 में तैनात वनरक्षक सतीष वर्मा से सवाल किया गया तो उनके द्वारा कोई भी जवाब देने से इंकार करते हुए कहा गया आप मुझसे संपर्क न करें वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यालय में जाकर जानकारी लें और फोन काट दिया गया। इसके बाद डिप्टी रेंजर नीलकंठ चौरे से इस बाबत जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा भी इस मामले में टाल मटोल ही किया गया जिससे यह प्रतीत होता है की वनविभाग का पूरा अमला बारबेड तार गलत तरीके से लगाये जाने से परिचित था परंतु दोषियों पर कार्यवाही करने से बचते रहे हैं।

**समय से पूर्व नष्ट हो जाएंगे हरे भरे पेड़ :** खूंटो के स्थान पर पेड़ों पर कील ठोके जाने से जहां नियमों का उल्लंघन हुआ है वहीं पर्यावरण के रक्षक और ताजी हवा प्रदान करने वाले हरे भरे पेड़ समय से पूर्व नष्ट हो जाएंगे जिसका जवाबदार कौन होगा।

# चोरी मामले में एक साल बाद दो सगे भाई चढ़े पुलिस के हत्थे

बाइक के हैंडल में टंगा डेढ़ लाख से भरा बैग चोरी करने वाले दो सगे भाई करीब एक साल बाद गिरफ्तार किए गए। दोनों छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के रहने वाले बताए जाते हैं। 14 मई मंगलवार को दो संदिग्ध सेंट्रल बैंक आसपास रैकी कर रहे थे, जहां स्थानीय लोगों ने आरोपित की जानकारी छपारा पुलिस को दी। छपारा पुलिस को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति छपारा बैंक में रुपये निकालने वालों पर नजर रख रहे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक के बाहर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जिन्होंने अपना नाम बाबू सिंह उर्फ पप्पू पुत्र आनंद राम नट (31) तथा विजय सिंह नट पुत्र आनंद राम नट (39) विजयनगर थाना कापू जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) बताया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दोनों संदिग्धों का आपराधिक रिकार्ड चैक करने पर छपारा पुलिस को पता चला कि दोनों पर मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में पूर्व से चोरी के कई अपराध दर्ज हैं। संदिग्धों ने छपारा थाना में 23 फरवरी 23 को बाइक की डिक्की से डेढ़ लाख रुपये चोरी करने की कबूल करते हुए बताया कि चोरी के रुपयों से उन्होंने बजाज पल्सर बाइक 2.15 लाख रुपये की खरीदी है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस आठ हजार रुपये नकद भी जब्त किए हैं। इस पर पुलिस ने धारा 379, 34 भादंवि के तहत प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया है।

एक साल पहले 23 फरवरी को चोरी हुए डेढ़ रुपये नकद के मामले में पीड़ित दुकानदार ने बैंक शाखा से रुपये लेकर आने-जाने वालों की रैकी कर रहे संदिग्धों को पहचान लिया और इसकी सूचना तत्काल छपारा पुलिस को दी। पूछताछ में आरोपितों ने छपारा पुलिस को बताया कि मप्र के विभिन्न स्थानों पर बैंकों के आसपास खड़े रहकर दोनों सगे भाई बड़ी रकम का लेनदेन करने वालों पर नजर रखते थे और अवसर मिलते ही बेग, बाइक की डिक्की से रुपये लेकर बगैर नंबर प्लेट वाली बाइक



लेकर मौके से फरार हो जाते थे।

छपारा के शीशगर वार्ड निवासी बर्तन व्यापारी शरद अवधिया ने 23 फरवरी 2023 को लेनदेन के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा से डेढ़ लाख रुपये नकद निकालकर बेग में रख अपनी बर्तन दुकान के सामने खड़ी कर दी थी। बाइक के हैंडल पर नकद रुपयों से भरा बैग टंगा था। व्यापारी निश्चिंत होकर अपनी संदिग्धों से पूरी तरह बेखबर था। इसी बीच बाइक में टंगा नकदी व दस्तावेजों से भरे बैग से व्यापारी शरद अवधिया का ध्यान हटते ही आरोपितों बेग लेकर चंपत हो गए थे। इस मामले की सूचना व्यापारी ने छपारा पुलिस में दर्ज कराई थी लेकिन एक साल से पुलिस अज्ञात चोरों को खोज रही थी, लेकिन उनका कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला। कार्रवाई में छपारा थाने में पदस्थ एसआई सुक्कुलाल उइके, एएसआई मुकेश उपाध्याय, प्रधान आरक्षक जयेन्द्र सिंह बघेल, दसरू बघेल, आरक्षक गजेन्द्र समरिते, आरक्षक चालक रामनरेश का सहयोग रहा।



# मौत ने रास्ते में ही रोक लिया, ले गई अपने साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

छपारा के निवारी गांव के पास वर्षा के पानी से खुद को भीगने से बचाने सड़क किनारे पेड़ के नीचे खड़ा था। तभी तेज वर्षा के साथ बिजली गिरी और मौके पर मौत हो गई। घुंघसा के मुआरी गांव निवासी रघुवीर सिरसाम अपने मामा के बेटे के विवाह में शामिल होने के लिए आया था, जो दो अन्य लोगों के साथ बाइक से वापस अपने गांव मुआरी लौट रहा था। रास्ते में तेज वर्षा होने के कारण तीनों सड़क किनारे खेत में पेड़ की छांव में भीगने से बचने रूक गए। रघुवीर एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया जबकि साथ जा रहे अन्य दो व्यक्ति करीब 30 फिट दूर दूसरे पेड़ के नीचे खड़े होकर वर्षा रुकने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच अचानक गरज चमक के साथ गाज जिस पेड़ के नीचे रघुवीर सिरसाम खड़ा था वहां जो गिरी, जिससे घटनास्थल पर रघुवीर की मौत हो गई। लोग बोलते रहे कि मौत ने रास्ते में ही रोक लिया, ले गई अपने साथ। कुछ दूरी पर खड़े होकर यह घटना देख रहे अन्य दोनों व्यक्तियों के रोंगटे खड़े हो गए। बाद में प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना की जानकारी छपारा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए छपारा अस्पताल पहुंचाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। रघुवीर की गाज गिरने से मौत की घटना को देखकर प्रत्यक्षदर्शी भौचक रह गए। वहीं शादी समारोह की खुशियों के बीच परिवार मातम में डूब गया। मृतक के दो पुत्र है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गए। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### बेहोशी हालात में मिले अज्ञात की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गोरखपुर टेक के पास से बेहोशी के हालात में मिले व्यक्ति को 108 एंबुलेंस द्वारा छपारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ उक्त अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। जिस किसी को भी इसकी जानकारी मिले वे छपारा पुलिस को सूचना दें।

### जग्गनाथ प्रसाद साहू वारिष्ठ अधिवक्ता नोटरी बने

**हरिभूमि न्यूज केवलारी ।** नगर के सीनियर बकील विधी मैरिज लांन के संचालक जग्गनाथ प्रसाद साहू को गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ़ लॉ एंड जस्टिस नोटरी सेल द्वारा जारी आदेश अनुसार नोटरी पद पर नियुक्ति प्रदान हुयी है। जग्गनाथ प्रसाद साहू के नोटरी नियुक्त होने पर शुभचिंतकों ने बधाई ओर शुभकामना दी है।

## JVPL टूर्नामेंट में सिंघम और JRB ने जीते अपने अपने मैच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** JVPL टूर्नामेंट के लीग मैच मै दो मैच खेले गए आज पहला मैच सिंघम और न्यू ग्रीन सिटी के मध्य हुआ जिसमें सिंघम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर मात्र 82 रन बनाकर 83 रनो लक्षय दिया सिंघम की और से किशोर बमानकर ने शानदार 30 रनो की पारी खेली न्यू ग्रीन सिटी की और से मस्तराम ने 2 ओवर मै 14 रन देकर 2 विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू ग्रीन सिटी ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 66 रन ही बना पाई और यह मैच सिंघम ने 16 रनो से जीत लिया सिंघम की टूर्नामेंट मै यह पहली जीत है इस मैच के मैन ऑफ दा मैच किशोर बमानकर रहे दूसरा मैच JRB और एमसीसी के मध्य हुआ JRB ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मै 7 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाकर एमसीसी को 96 रनो का लक्ष्य दिया JRB की और से नफीस और वाहिद ने 21-21 रनो की पारी खेली* लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमसीसी ने निर्धारित 10 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर मात्र 86 रन ही बना पाई JRB ने यह मैच 9 रनो से जीत लिया एमसीसी की और से सुनील ने शानदार 47 रनो की पारी खेली मैन ऑफ द मैच नफीस खान रहे। दोनों मैचो मै निर्णायक की भूमिका बंटी बिसेन और सदाम खान रहे आज के मुख्यअतिथि, सतीश चिंटोले और बिसेन जी थे आज 17-05-24 को भी दो मैच खेले जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समाज में परिवारों के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। इसी तारतमय में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अमिता पटेल एवं प्रशासनिक अधिकारी पी एल सनोडिया के निर्देशन में शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मे समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व परिवार दिवस मनाया गया। समाजशास्त्र के प्राध्यापक नरेंद्र भीमटे ने बताया कि हमारा परिवार हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह दिन पारिवारिक समृद्धि और परिवारों को प्रभावित करने वाले सामाजिक मौद्रिक और जनसंख्या परिवर्तन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। 2024 अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस का उद्देश्य इस बारे में जागरूकता बढ़ाना है कि जलवायु परिवर्तन परिवारों को कैसे प्रभावित करता है और परिवार जलवायु कार्रवाई में क्या भूमिका निभा सकते हैं1 परिवार और सामुदायिक पहल के माध्यम से हम शिक्षा सूचना तक पहुंच प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी के साथ जलवायु कार्यवाही को बढ़ावा दे सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री ओम प्रकाश सवैया, श्रीकांत नामदेव, हेमराज नागवंशी पंकज शिंदे, सोहनलाल अहिरवार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## छिंदवाड़ा रोड बायपास चौक पर नवीन शराब दुकान बंद कराने घनश्याम सनोडिया ने जिला कलेक्टर से मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

छिंदवाड़ा रोड बायपास चौक पर नवीन चालू की गई शराब दुकान बंद किऐ जाने हेतू जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कृषि कृषक विभाग के अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुये कहा कि सिवनी शहर से बाहर निकलने वाले सभी सड़को से छिंदवाड़ा रोड का क्षेत्र सबसे शांत, सुरक्षित और सभ्य वातावरण युक्त माना जाता है, क्योंकि इस रोड में , शराबी, गुंडे. असमाजिक तत्वों का बोलबाला नहीं है, परंतु अब आबकारी विभाग के एक गलत निर्णय के कारण यहाँ का शांत माहौल शराब दुकान खुलने के कारण से प्रभावित हो रहा है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान जब कोई शासकीय कार्य चालू नही किये जाते ऐसे समय में यहाँ पर चुपके से क्षेत्र के लोगों को बगैर किसी सूचना के चोरी छुपे शराब दुकान चालू कर दी गई है। इस क्षेत्र का माहौल अच्छा होने के कारण सिवनी शहर के सीनियर सिटीजन एवं माताएँ. बहनें निश्चिंत होकर सुबह. शाम छिंदवाड़ा रोड में घुमने के लिए जाते हैं, लेकिन रास्ते में शराब दुकान चालू हो जाने से अब उन्हें परेशानी हो रही है माताओं बहनों ने अब घूमना बंद कर दिया है। फोरलेन से निकलने वाली बसों से सिवनी शहर के लिए यात्रा करने वाले यात्री, माताऐ . बहनें इसी चौक पर उतरकर शहर में जाने हेतु जिस जगह से आटो या टेक्सी लेते हैं वहीं पर शराब दुकान खोली गई है जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि यह नवीन चालू की गई दुकान नगरीय क्षेत्र की है जबकि इस जगह पर शहरी क्षेत्र की आबादी नहीं है बल्कि हमारे मरझोर एवं बम्होडी ग्राम बसे हुए हैं और यहाँ के लोग शराब दुकान नहीं चाहते परंतु आदर्श आचार संहिता के चलते विरोध नहीं कर पा रहे हैं आचार संहिता हटने के बाद शराब दुकान बंद करवाने के लिए आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। सिवनी से छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे एवं कन्याकुमारी से कश्मीर फोरलेन मार्ग के चौराहे पर शराब दुकान खोलना नीति के विरुद्ध भी है।

महाकाल की नगरी के वासी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी प्रदेश मेंशराब बंदी को लेकर की बात तो कर रहे हैं और आबकारी विभाग चौक. चौराहे पर शराब की दुकान चालू कर सरकार की मनसा के विपरीत कार्य कर रहा है सिवनी विधायक सांसद की भी उस क्षेत्र में दुकान खोले जाने की मौन सहमति है भाजपा सरकार शराब बंदी के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही है।

श्री घनश्याम सनोडिया ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि शहर एवं स्थानीय ग्रामीण निवासियों को हो रही उपरोक्त समस्याओं का ध्यान रखते हुए छिंदवाड़ा रोड बायपास चौक पर आचार संहिता के चलते चुपके से चालू की गई शराब दुकान को बंद करने की कृपा करें। यदि दुकान बंद नहीं की जाऐगी तो आचार संहिता के बाद इस क्षेत्र के लोगों के साथ दुकान बंद कराने हेतु आंदोलन किया जाऐगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## कलेक्टर ने किया फिश कियोस्क का उद्घाटन



सिवनी। कलेक्टर क्षितिज सिंघल द्वारा मत्स्य संपदा योजना के निवासी भगत सिंह वार्ड सिवनी निवासी हितग्राही कन्हैया लाल कश्यप द्वारा निर्मित फिश कियोस्क (स्मार्ट मत्स्य विक्रय केन्द्र) का शुभारंभ किया गया। योजना के संबंध में के.एल. मरावी उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी द्वारा बताया गया कि फिश कियोस्क (स्मार्ट मत्स्य विक्रय केन्द्र) निर्माण एवं मछली को ताजी अवस्था में रखने तथा मत्स्यभोजी नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रेफ्रीजरेटर, आइस बाक्स, ड्रेसिंग मटेरियल, एयर कंडीशर, बैठने हेतु सोफा, कुर्सिया आदि के क्रय पर कुल लागत राशि रू. 10.00 लाख का प्रावधान है।

## संस्कृत भारती का जनपद जिला सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संस्कृत भारती द्वारा जनपद (जिला) सम्मेलन का आयोजन स्थानीय डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय में किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन के उपरांत कुमारी अराध्या श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना व मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम को संस्कृत भारती प्रान्त संगठन मंत्री डॉ. मनोज पांडे ने संबोधित करते हुए संस्कृत की वैज्ञानिकता से श्रोताओं को अवगत कराया और सभी से आह्वान किया कि वह प्रतिदिन दैनिक बोलचाल में अधिकाधिक संस्कृत भाषा का प्रयोग करें, ताकि शनैः शनैः सभी संस्कृत में पारंगत हो सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रान्त प्रचार प्रमुख श्री विजय तिवारी ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत में बहुत सारे वैज्ञानिक ग्रन्थों की रचना हुई है, जिसमें महर्षि पतंजलि का योग दर्शन प्रमुख है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया की संस्कृत भाषा का प्रयोग प्रतिदिन अपने दैनिक जीवन में अवश्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सहायक संचालक/ प्राचार्य एवं जिला संरक्षक (संस्कृत भारती) श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कृत का अपना एक अलग ही महत्व है। संस्कृत भाषा बहुत ही प्राचीन भाषा है और जो व्यक्ति संस्कृत भाषा का प्रयोग अपने जीवन में करता है, उसे बहुत सारे वैज्ञानिक लाभ प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम में जिला गीता केंद्र प्रभारी श्रीमती कल्पना हेडाऊ ने गीता के श्लोकों का सस्वर वाचन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिला महिला प्रमुख संस्कृत भारती श्रीमती सरिता आंधवान ने भी कार्यक्रम मे सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन वक्तव्य में संस्कृत भारती जिला अध्यक्ष डॉक्टर के. के. चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती विभाग संयोजक श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने संस्कृत भाषा में किया। श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 1 जून से 9 जून तक कटनी में संस्कृत भारती का प्रबोधन वर्ग लग रहा है। जिसमें भाग लेकर कोई भी व्यक्ति संस्कृत भाषा में पारंगत हो सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग वर्ग मे सम्मिलित होवें। कार्यक्रम में श्री ताराचंद मिश्रा, मुकुंद पांडे, अश्विनी तिवारी, विजय शुक्ला, दीपक श्रीवास्तव, सौरभ सनोडिया, श्रीमती सरिता आंधवान, श्रीमती कल्पना हेडाऊ, घनश्याम महेरा, व महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गुरू गंगा का प्राकट्य देश मे श्री भागवत कथा फलदायक होती है-निर्विकल्प स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समीपी ग्राम जैतपुर में श्री परस राम जी बघेल रिटायर्ड शिक्षक के द्वारा श्रीमदभागवत कथा का आयोजन दिनांक 16 मई से 23 मई तक ब्रम्हचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के आचार्यत्व मे शुरु हुयी है।कथा के प्रथम दिवस में पूज्य कथा व्यास ब्रह्मचारी श्री महाराज जी ने बताया की कोई भी शुभ कार्य करना हो तो उसके लिए देश काल का विचार किया जाता है । उचित देश में, उचित काल मे जो कार्य किया जाता है । उसका कई गुना अधिक फल मिलता है, हम भगवान कि मंगलमय कथा का श्रवण करने जा रहे हैं,यह स्थान कौन सा है ? ये भारत वर्ष है, भारत वर्ष में भी मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश में भी सिवनी जिला जहाँ हमारे पूज्य गुरुदेव ज्योतिष एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर् जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्राकट्य भूमि है, इसी जिले से भगवती वैन्यागंगा जिनको वैनगंगा के नाम से भी लोग जानते है। जहाँ भगवती गंगा का भी प्राकट्य हुआ है । ऐसा ये परम पावन उत्तम देश है जहाँ गुरु और गंगा का प्राकट्य हुआ ओर समय वैशाख माह, वैशाख मास बड़ा पवित्र मास माना जाता है, उसमें भी शुक्ल पक्ष का विशेष महत्व है ओर ये नवमी तिथि ये इसलिए भी विशेष है। आज ही के दिन माँ जगदंबा सीता ने अवतार लिया था, भगवती जानकी के रूप में अवतार धारण किया था । इसी पवित्र पावन भूमि में भगवान नारायण के अवतार -श्री कृष्णा की सप्त दिवासीय कथा का सर्वोतम फल कथा करवाने बाले, कथा सुनने बाले ,ओर क्षेत्र काल खंड को सो फल दायक फलीभूत करती है।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय बरघाट का किया निरीक्षण

# लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार को तहसील कार्यालय बरघाट पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बरघाट न्यायालय, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अवलोकन करते हुए संबंधितों से प्रकरणों के लंबित रहने के कारणों को जाना।



इसी क्रम में कार्यलय द्वारा विभिन्न प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए विभागीय राजस्व पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज की गई निराकरण स्थिति तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी एवं रीडर को सभी राजस्व प्रकरणों पर पक्षकारों को सुनवाई के लिए नियत तिथि के पूर्व सूचित करते हुए कार्यवाही पूर्ण कर आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरघाट श्री संदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार बरघाट सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## इधर कलेक्टर ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत विकासखंड बरघाट में पूर्ण हुए एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की

### दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वही कलेक्टर क्षिजित सिंघल ने बुधवार को विकासखंड बरघाट के जनपद पंचायत सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं एजेंसीवार अनुबंधकर्ताओं की संयुक्त बैठक लेकर जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अरूण श्रीवास्तव सहित सब इंजीनियर एवं सभी ग्राम पंचायतों के सचिव की उपस्थिति रही। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने संबंधित अधिकारियों से जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण हो चुकी हैण्ड ओवर ग्राम पंचायतों जानकारी प्राप्त की, उन्होंने ग्रामपंचायत वार सचिव एवं संबंधित अधिकारी से कार्यों की गुणवत्ता, पानी उपलब्धता, बिजली वोल्टेज संबंधी जानकारी प्राप्त कर समस्या ग्रस्त ग्राम पंचायत में त्वरित सुधार कार्य करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए। उन्होंने फेल हुए बोर एवं जलाभाव वाले ग्रामों में जल उपलब्धता वाले स्थान का चिन्हांकन कर त्वरित नए बोर खनन कार्य करवाने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने पीएचई एवं पंचायत विभाग के सभी उपस्थिति मैदानी अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत संचालित सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं प्रत्येक परिवार को जोड़ते हुए नल कनेक्शन माध्यम से शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के निर्माण के दौरान सड़को की टूट फुट को भी त्वरित मरम्मत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंघल ने तय समय सीमा समाप्ति के उपरांत की कार्य पूर्ण न कर पाने वाले एवं धीमी गति से कार्य करने वाली सम्बन्धित निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए ।

## खेल विभाग के समर कैंप से कुरई के खिलाड़ियों को मिल रही दिशा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में पूरे जिले में 25 अप्रैल से 25 मई तक निःशुल्क 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रारंभ है. जिसके चलते विकास खंड कुरई में अग्रणी पब्लिक स्कूल परिसर में चलने वाले नेटबॉल और कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में बालक- बालिकाएं पूर्णमनोयोग से खेल की बारीकियां सीख रहे हैं।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विकास खंड प्रभारी श्री निकेश पदमाकर ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 06:00 से 8:00 बजे एवं शाम 05:00 से 7:00 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 60 बालक-बालिका खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण का लाभ ले रहें हैं।

इसी क्रम में आज छात्रवास अधीक्षक एवं सी.ई.ओ ब्लॉक ऑफिस कुरई श्री हीरामणी दीक्षित समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों परिचय प्राप्त करने पहुंचे. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे अतिथि का स्वागत विकास युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर, नेटबॉल प्रशिक्षक श्री नरेन्द्र पवार, कबड्डी प्रशिक्षक सुश्री अंजली श्रीवास्तव एवं खिलाड़ियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया. खिलाड़ियों से परिचय उपरांत अपने समय के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी, खेल प्रेमी श्री दीक्षित जी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ सबसे बड़ा धन है और स्वस्थ रहने के लिए खेल जरूरी है. उन्होंने प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि छुट्टी के दिनों में बच्चे घरों में टी.वी. देखते और मोबाइल चलाते इससे अच्छा बच्चों ने अपने शरीर को स्वस्थ रहने के लिए खेल को चुना है. सभी पालकों को अपने बच्चों को खेल से जोड़ना चाहिए और खेल प्रशिक्षण के लिए नियमित खेल मैदान भेजना चाहिए. शिविर के संयोजक श्री निकेश पद्माकर ने खेलों को स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि खेल मात्र मनोरंजन का साधन नहीं हैं पढ़ाई के साथ -साथ खेलों का अपना महत्व है इसके लिए जरूरी है बच्चें खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें खेलों के क्षेत्र में बच्चें न सिर्फ स्वस्थ रहते हैं बल्कि वो खेलों के क्षेत्र में भविष्य बना देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए श्री हीरामणी दीक्षित जी द्वारा बच्चों की पसंदीदा फ्रुटी और क्रीम बिस्किट पैकेट वितरीत किए गए. प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रहें नेटबॉल एवं कबड्डी प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनांए प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करने उनका उत्साहवर्धन करने पहुंचे दीक्षित जी का विकासखंड युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने आभार व्यक्त किया।

खेल स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव हैं खेल मात्र मनोरंजन का साधन नहीं हैं पढ़ाई के साथ -साथ खेलों का अपना महत्व है. इसके लिए जरूरी है बच्चें खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें खेलों के क्षेत्र में बच्चें न सिर्फ स्वस्थ रहते हैं, बल्कि वो खेलों के क्षेत्र में भविष्य बना देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

## ग्राम बोदलकसा के ग्रामीण हैं आरोपी, आज वन विभाग करेगा न्यायालय में पेश, आरोपियों व घटना का करेगा खुलासा

# 2 माह में बाघ के शिकारी वन विकास विभाग की गिरफ्त में!

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



दो महीने की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार वन विकास निगम के अधिकारियों ने बाघ के शिकारियों को पकडने में सफलता हासिल कर ली हैं। जानकारी अनुसार बाघ के शिकार के बाद से लगातार शिकारियों की तलाश में लगे हुए वन विभाग के अधिकारियों ने ग्राम बोदलकसा, तुमड़ीटोला, सावंगी सहित अन्य ग्रामों के अनेंक लोगों से पूछताछ की थी। लेकिन बाघ के शिकारियों का कोई पता नहीं चल पा रहा था।

### गोपनीय तरीके से खोजबीन करने पर मिला सुराग

जिसके बाद कुछ समय की सुस्ती दिखाते हुए गोपनीय तरीके से वन विभाग के अमले ने ग्रामीण क्षेत्रों की चाय, पान की दुकानों में बैठकर टोह लेने का कार्य प्रारंभ किया और आखिरकार इस कार्य में उन्हें सफलता मिल ही गई और ग्राम बोदलकसा के लगभग 7 ग्रामीणों को इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया हैं। इन सभी आरोपियों को कल 17 मई को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**2 से ढ़ाई वर्ष उम्र, लगभग 100 से 120 किलो वजन :** मृत बाघ को देखने में ऐसा प्रतीत होता था कि लगभग एक सप्ताह पहले बाघ की मौत हुई होगी और किसी शिकारी द्वारा करेंट लगाकर बाघ का शिकार कर उसके अवशेष को निकाल कर नदी में फेंक दिया गया था। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुँच कर डॉग स्काड को बुलाया था। लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला था। जिसके बाद बाघ के शव का पंचनामा बनाया गया और उसका पोस्टमार्टम करवा कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मृत बाघ का वजन लगभग 100 से 120 किलो रहा होगा, उसकी उम्र लगभग 2 से ढाई वर्ष था।

### 17 मार्च को तुमडीटोला के चंदन नदी में मिला था बाघ का शव

विदित हो कि 17 मार्च 24 को ग्राम पंचायत सावंगी के ग्राम तुमड़ीटोला के पास से होकर बहने वाली चंदन नदी में एक बाघ का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। इस बाघ की मौत के बारे में वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बोलने से उस समय कतरा रहा था।

### जबलपुर से भी आए थे अधिकारी जॉच के लिए

बाघ का शव मिलने के बाद आरोपियों की तलाश के लिए वन विभाग व जबलपुर से आए हुए उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास किए गए और ग्राम बोदलकसा, तुमड़ीटोला, सावंगी, खापा, खंडवा के कई ग्रामीणों से पूछताछ की गई थी। लेकिन बाघ के शिकारियों का कोई पता वन विभाग के अधिकारी नहीं लगा पाए थे।

**2 ग्रामीणों ने उगला पूरा राज:** इस बात का पता चलते ही वन विभाग के अधिकारियों ने सबसे पहले ग्राम बोदलकसा के 2 ग्रामीणों पर अपना शिकंजा कसा और उनको पकड़ कर उनसे कड़ी पूछताछ की, तो आखिरकार उन्होंने बाघ के शिकार के बाद उसे ठिकाने लगाने में सहयोग करने का भांडा फोड़ ही दिया। उसके साथ ही उन्होंने मुख्य आरोपी का नाम भी बता दिया। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मुख्य आरोपी और उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की। तो आखिरकार उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया। फिलहाल वन विभाग इन आरोपियों को कल 17 मई को न्यायालय में पेश किया जाने वाला हैं।

### लगातार प्रयासों के बाद भी नहीं मिले थे आरोपी, गोपनीय तरीका अपनाया वन विभाग ने

लगातार प्रयासों के बाद भी जब बाघ के शिकारी नहीं मिले, तो फिर वन विभाग ने दूसरा तरीका अपनाया और गोपनीय तरीके से आरोपियों की तलाश जारी की और इन ग्रामों की चाय व पान दुकानों में बैठकर इधर-उधर की चर्चा कर कभी सूअर का मॉस, तो कभी चीतल का मॉस कौन बेचता हैं, हमने तो फलाने से लिया था, अब वह नहीं बेचता क्या? जैसी चर्चाओं के माध्यम से आखिरकार इस बात का पता लगा लिया कि इन कार्यो में कौन-कौन ग्रामीण लिप्त रहते हैं।

### इनका कहना हैं

बाघ के शिकार के आरोपियों को कल 17 मई को सुबह 11 बजे न्यायालय में पेश किया जायेगा। पत्रकारों को वहीं पर पूरी जानकारी दी जायेगी।

**शिवभान सिंह नागेश्वर, परियोजना अधिकारी वन विकास निगम वारासिवनी**

## बगैर अनुमति के हो रहा मिट्टी का खनन व परिवहन

# पांडरवानी जाम मार्ग पर मिट्टी लेकर फर्राटे से दौड़ रहे ट्रैक्टर, जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र में मुरम और मिट्टी का अवैध खनन और परिवहन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। जिम्मेदारों को सब मालूम होते हुए भी कार्रवाई करने में हिचकिचा रहे हैं जिससे राजस्व को लाखों रुपए की रोजाना हानि हो रही है और खनन माफिया मौज कर मालामाल हो रहे हैं। गुरुवार को पां ढरवानी जाम मार्ग पर बिना ट्राली नंबर के अनेकों ट्रैक्टर मिट्टी भरकर फर्राटे से दौड़ते नजर आए लेकिन जिम्मेदार विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी क्या पटवारी हल्का नंबर सो रहे थे..? जो उन्हें ही नहीं मालूम कि उनके मुख्यालय में क्या हो रहा है बताया जा रहा है कि खनन माफिया तालाब के पास एक किसान के खेत में खोदकर उस मिट्टी को बेच रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनन माफिया भोले भाले किसा नो को बहला फुसलाकर खनन करते हैं और उस मिट्टी को विकसित हो रहे प्लाटो के मालिकों को बेच देते है बिना अनुमति लिए हो रहे अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व हानि उठाना पड़ रहा है। फिर भी जिम्मेदार लालबर्रा क्षेत्र में खुलेआम हो रहे अवैध उत्खनन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं अब देखना होगा कि राजस्व और खनिज विभाग क्या कार्रवाई करता है या फिर चलता रहेगा माफियायों से सांठगांठ का सिलसिला... ?

# कृषि विभाग द्वारा बीज विक्रय स्थलों का निरीक्षण निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन और निर्देशन में उप संचालक कृषि राजेश कुमार खोबरागड़े सहित कृषि विभाग के समस्त खाद एवं बीज निरीक्षकों द्वारा आगामी खरीफ सीजन को देखते हुये कृषि आदान विक्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण एवं जांच कार्य तत्परता से किया जा रहा है। कृषि उपसंचालक श्री खोबरागड़े, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह निरीक्षक श्री व्ही.के.ढोके, श्री विकास चौधरी व श्री जीके ड़ोगरे कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा दमाहे कृषि केन्द्र देवटोला बालाघाट के कृषि आदान विक्रय एवं भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण कर दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही विभिन्न बीज कम्पनियों जैसे-रीयल एग्रीक्रियेशन कम्पनी की किस्म रीयल स्मार्ट, रीयल मजु गोल्ड, मंगलमूर्ति सीड्स प्राइवेट लिमिटेड उड़ीसा की चन्द्रा विजेता किस्म व अगरजा सीड्स एंड बायोटेक प्रा.लि. की किस्म सिलिकान-60 के बीजों के नमूने लिये गये। दमाहे कृषि केन्द्र विक्रय एवं भंडारण स्थल पर रखे कीटनाशक दवाओं के निरीक्षण में पाया गया कि अवसान तिथि समाप्ति के बाद भी कीटनाशक दवा भंडारित पाई जाने पर कीटनाशक अधिनियम 1968 में दिये गये प्रावधानों के तहत कीटनाशक दवा की जप्ती की कार्यवाही की गई।जिले के खाद और बीज निरीक्षकों द्वारा ग्रीन शक्ति इंडिया सेल्स सर्विस चंदना, कबीर कृषि केन्द्र खैरलांजी, बिसेन कृषि कल्याण केन्द्र उकवा, हलधर कृषि केन्द्र लांजी, किसान कृषि केन्द्र लांजी, लक्ष्मी बीज भंडार लांजी के कृषि आदान विक्रय एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया। कृषि आदान विक्रेताओं द्वारा किसान भाईयों को उच्च गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित कर नियमानुसार कृषि आदानों का विक्रय करने हेतु कहा गया। कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा कृषकों को जागरूक कर हेतु गांव-गांव जाकर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और समझाईश दी जाकर विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुये प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा कृषकों से अपील की जा रही है कि कोई भी आदान सामग्री क्रय कर पक्के बिल अवश्य लेवे व उनका संधारण कर रखे।

## शिकायत पर अधिकारी के दल ने किया निरीक्षण

# मैगनीज खदान के संचालक ने किसानों के खेत की जमीन पर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

तिरोड़ी तहसील के ग्राम पौनिया के में तीन किसानों के खेत की जमीन पर मैगनीज खदान के संचालक ने कब्जा कर उसे खदान में परिवर्तित कर दिया है। खेत से कई टन मैगनीज का खनन भी कर लिया है, जिसकी शिकायत किसानों के द्वारा कलेक्टर को किए जाने पर अलताफ हुसैन अंसारी खान सुरक्षा परासिया क्षेत्र एवं जांच अधिकारी ने दल के साथ निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के बाद मैगनीज खदान के संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान राकेश पिता डुलीराम टेंभरे 24 वर्ष, सालिकराम पिता गंगाराम टेंभरे 50 वर्ष दोनों पौनिया निवासी और योगेश पिता है। क ~ है या ला ल पारधी 45 वर्ष शिवाजी नगर तुमसर जिला भंडारा महाराष्ट्र राज्य निवासी ने बताया कि उनका खेत की जमीन का खसरा नंबर 561/1, 562/1 एवं 566/1 कुल रकबा 1.238 हेक्टेयर है। जमीन में 0.323 हेक्टेयर में मेसर्स सुखदेवप्रसाद गोयनका संचालकगण पौनिया तिरोड़ी ने मशीनों से खुदाई कर जमीन से करीब 100 करोड़ रुपये के मैगनीज निकाल कर बेच दिया है। जबकि जिला प्रशासन द्वारा आरक्षित चारागाह की जमीन पर मैगनीज खनन के लिए लीज पर दी गई थी, लेकिन खदान संचालक ने खेत की जमीन पर कब्जा कर वहां जबरन खनन करवा रहा है। इस बात का विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिसकी शिकायत उनके द्वारा करने पर तीन मई को अधिकारी के दल ने मौके का निरीक्षण किया गया। जिसमें 0.323 हेक्टेयर जमीन पर करीब 55 फीट का गड्ढा खोदकर अवैध रूप से मैगनीज निकाला गया। उस गड्ढे को बुझाने का निर्देश दिया गया जो पक्षपात पूर्ण और अनावेदकों द्वारा किए गए अपराध को समाप्त करने का एक प्रयास हैं।

### पंचायत में नहीं की जांच

उन्होंने बताया कि जांच ग्राम पंचायत कार्यालय में किए जाने का प्रस्ताव मानने से इंकार कर मेसर्स सुखदेवप्रसाद गोयनका द्वारा अवैध उत्खनन के साइड पर उनके करीब 50 लोगों की उपस्थिति में किया गया, जो आवेदकों पर दबाव बनाने का षडयंत्र था। बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा मंजूर की गई लीज यह ग्राम पौनिया स्थित खसरा क्रमांक 523/1, 523/2 व 523/3 कुल रकबा 17.526 हेक्टेयर जमीन चारागाह के लिए है, लेकिन इस जमीन को मैगनीज खनन के लिए लीज पर दे दिया गया है, इसको रद्द कर देना चाहिए। पर अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ऐसा नहीं हो रहा है। किसान की जमीन पर मेसर्स सुखदेवप्रसाद गोयनका द्वारा शुरू अवैध कब्जा कर उत्खनन किया गया है। इस संबंध में सीमांकन कर तहसीलदार तिरोड़ी की रिपोर्ट के दस्तावेज को जांच का हिस्सा मानने से इंकार कर दिया गया।

तहसीलदार के सीमांकन किए जाने के बाद अवैध रूप से कब्जा कर उत्खनन करना पाए जाने के बाद अधिकारियों द्वारा इसे बंद नहीं करवाया जा रहा है। यहां पर ब्लास्टिंग करने के साक्ष्य दिखाए जाने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। किसान राकेश ने बताया कि उनके बयान न लेकर अधिकारी के खिलाफ बोलने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। साथ ही जमीन का केस लड़ते उनके पिता की मृत्यु हो गई, वैसे ही उनकी मृत्यु हो जाएगी, ऐसी धमकियां दी जाती है। उन्होंने कहा कि मैगनीज खदान संचालक द्वारा उन्हें बर्बाद करने की धमकी दी गई। जांच अधिकारी निरीक्षण करने आए तो उनके बयान तक नहीं लिया।

### इनका कहना हैं

हमने जांच उपरांत तीन मई को शिकायत पर जांच कर संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जिसमें खनन की वास्तविक स्थिति की जानकारी दे दी गई है। एक पत्र खदान संचालक को विवादित क्षेत्र कार्य न करने का आदेश दिया गया है।

**अलताफ हुसैन अंसारी, खान सुरक्षा परासिया क्षेत्र एवं जांच अधिकारी**

# खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खदान की लिफ्ट टूटने से 14 अधिकारियों सुरक्षित, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

एन के शर्मा पूर्व महामंत्री खनिज मजदूर संघ मलाजखंड ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कि खेतड़ी में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खदान की लिफ्ट टूट जाने के कारण 14 अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है लेकिन एक की मौत हो चुकी है हालांकि अब खबर आई है कि इनमें से एक की मौत हो गई है इस घटना के बारे में एन के शर्मा पूर्व महामंत्री या खनिज मजदूर संघ मलाजखंड ने बताया कि आमतौरपर मृत व्यक्ति के परिवार को एक लाख का मुआवजा देकर केश को दबा दिया जाता है। मान्यता प्राप्त यूनियन मौन शादे रहते हैं।व क्षेत्र के प्रतिनिधि भी कोई उचित कार्रवाई नहीं करते। जिससे जिले के आदिवासी क्षेत्र एशिया प्रसिद्ध ताम्र खदान में श्रमिक शोषण का सिलसिला जारी है।जो क्षेत्र के लिए उचित नहीं है। मलाजखंड परियोजना श्रमिक शोषण का पर्याय बन चुकीं हैं। यहां लगभग 1500दैनिक कर्मचारी गत 25 30 वर्षों से न्यूनतम मजदूरी में कार्य कर रहे हैं असली में यह रेगुलर कर्मचारी जिनका वेतन लगभग रू1लाख रूपए प्रति माह है उनके बराबर काम कर रहे हैं लेकिन इन दैनिक वेतन कर्मचारियों के लिए कंपनी के पास कोई योजना नहीं है मान्यता प्राप्त यूनियन के भ्रष्ट पदाधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त है जिनकी उच्च स्तरीय जांच व कार्रवाई की अपेक्षा प्रशासन से की है।

# सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में समर कैंप का हुआ समापन



**बालाघाट।** सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में 01 मई से 15 मई 2024 तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय उपस्थित रहें। सर्वप्रथम अतिथियों ने एवं संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण किया। सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज राहंगडाले ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. राहंगडाले ने विद्यालय की समस्त गतिविधियों पर संक्षिप्त उल्लेख कर ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि समर कैंप 01 मई से 15 मई तक संचालित किया गया हैं। जहां प्रतिदिन प्रातः 07:30 बजे से 10:30 बजे तक 250 विद्यार्थियों ने शिविर में अपनी-अपनी इच्छानुसार संचालित विधाओं में भाग लिया। जिसमें नृत्य,गायन-वादन एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियां में भाग लिया। नृत्य विधा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सामूहिक नृय प्रस्तुत कर, वाद्ययंत्र विधा वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों को बजाकर तथा तनूश्री तुरकर-स्पोकन इंग्लिश में भाग लेने वाली छात्रा ने अंग्रेजी में संबोधित किया। वाद्ययंत्र एवं संगीत के कलाकार एवं वादन संग्रहालय के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर घोडेश्वर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों को मोरशंख नामक छोटे से वाद्ययंत्र को बजाकर परिचित कराया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र कला संगीत महाविद्यालय संजय सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह गहरवार अध्यक्ष पुरातत्व विभाग बालाघाट, ज्ञानेश्वर घोडेश्वर अध्यक्ष वादन संग्रहालय बूढी.बालाघाट, संतोष सक्सेना सेनि प्राध्यापक शा. जेएसटी महाविद्यालय मुख्य रुप से उपस्थित रहें।

# मृतक के परिवार को 04-04 लाख रुपये की सहायता राशि हुई स्वीकृत

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी एमआर धुर्वे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 16 अक्टूबर 2023 को कटेदरा तहसील तिरोड़ी के तालाब में डूबने से हुई मृत्यु पर धर्मेंद्र तेली के वारिस पिता योगेंद्र को तथा 28 मार्च 2024 को ग्राम सुकली तिरोड़ी के कुँए के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर मृतक जनगूराबाई कुंजाम के वारिस पुत्र दिलीप कुंजाम को 04-04 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है।

# शैक्षणिक और आवासीय संस्थाओं के निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्मित, स्वीकृत और निर्माणाधीन शैक्षणिक संस्थायओं, छात्रावास और आश्रम शालाओ के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में निर्माण एजेंसी पीआईयु की 15 संस्थाओं के निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा में पाया कि वर्ष 2021-22 के कार्यो को एक वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी पूर्ण करना नही हुआ। सभी 15 कार्यो का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। शासकीय उमावि दमोह, भंडेरी, मोहगांव, मजगांव के कार्यो को माह जून 2024 के पूर्व कार्य पूर्ण करने तथा सहायक आयुक्त को निरीक्षण कर भवन हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया। कार्य के विलंब होने पर भुगतान से कटौती करने निर्देशित किया गया। शासकीय उ.मा.वि. मोहनपुर के लिए एप्रोच सड़क का प्रस्ताव सहायक आयुक्त को उपलब्ध कराने कहा गया। आवंटन के अनुसार कार्य समय पर पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राचार्यो को निर्देशित करें कि विद्यालय की आवश्याकता अनुसार कार्य का प्रस्ताव उपलब्ध कराये, जिससे कि सक्षम अधिकारी से स्वीकृति उपरांत निर्माण एजेंसी से कार्य कराया जा सके ।

म.प्र. पर्यटन राज्य विकास निगम के प्रतिनिधि के द्वारा 04 निर्माण कार्य में से 02 कार्य पूर्ण होना बताया गया। सामुदायिक भवन गोंगलई का कार्य पूर्ण होना बताया गया। इस भवन में बिजली की व्यवस्था नही है, जिस पर बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। विकासखंड बैहर अंतर्गत सामुदायिक भवन आमगांव की सी.सी. जारी करने एवं कार्यपालन यंत्री म.प्र. पर्यटन राज्यि विकास निगम को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये गये । ग्राम भादुकोटा के सामुदायिक भवन एवं ग्राम मुक्की के कैफेटेरिया हेतु रीडर को भूमि आवंटन के आदेश जारी करने के लिए नस्ती प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

## पौनियां चील गड्ढे में मैंगनीज खनन माफिया सक्रिय

# राजस्व, पुलिस और वन विभाग के अफसरों ने आंखों में बांधी पट्टी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





तिरोड़ी तहसील के ग्राम पौनियां में एक बार फिर से मैंगनीज खनन माफिया सक्रिय हो गए है. पौनियां के चील गड्ढें में माफियाओं ने डीजल इंजन पंप लगाकर पानी निकालना शुरू कर दिया है. यहां जल्द ही अवैध मैंगनीज उत्खनन का काम शुरू हो सकता है. मिली जानकारी अनुसार दो दिन पहले मैंगनीज माफियाओं ने जेसीबी से चील गड्ढे में खनन और आवागमन का रास्ता तैयार किया. जिसकी सूचना कुछ लोगों के द्वारा राजस्व विभाग में तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले, थाना प्रभारी गहलोत सेमलिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार को दी. इसके बावजूद इन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कार्रवाई करना उचित नहीं समझा. विश्वसनीय सूत्रों की माने तो वन विभाग ने बुधवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास जेसीबी मशीन को पकड़ा था. मगर, बाद में जेसीबी मशीन को अज्ञात कारणों की वजह से छोड़ दिया गया. हालांकि गुरुवार को वन विभाग से वन रक्षक ने जरूर मौका निरीक्षण किया परंतु राजस्व विभाग की भूमि होने के कारण वन रक्षक बिना कोई कार्रवाई किए ही वापस लौट आए. इस अवैध गतिविधि के संबंध में जब तिरोड़ी थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा दिखवाता हूं. वहीं तिरोड़ी तहसीलदार ने कहा कि वह बालाघाट में है. कल यानी शुक्रवार को पटवारी को मौके पर भिजवाएगीं।

पौनियां में जनचर्चा है कि क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी का नाम लेकर यहां पर मैंगनीज का अवैध खनन किया जा रहा है. हालांकि यह केवल जन चर्चा है. इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है. मगर, जिस तरह से विभागीय अधिकारियों को अवैध खनन की तैयारी की सूचना मिल रही है और अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है बल्कि कार्रवाई करने से बच रहे है. उससे तो यही लग रहा है कि इन मैंगनीज माफियाओं के पीछे कोई बड़ा हाथ है. जिस वजह से कानून के हाथ माफियाओं के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहे है और माफिया बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम देन में जुटे हुए है. सूत्रों की मानें तो पौनियां चील गड्ढे में अवैध खनन के पीछे पौनियां निवासी सुखचंद जगने, नीलचंद जगने और कटंगी के गगन गौतम का नाम सामने आ रहा है. सुखचंद जगने और नीलचंद जगने का नाम मैंगनीज के अवैध खनन के मामले में कई बार पहले भी आ चुका है. यह दोनों अवैध खनन के लिए चर्चित नाम हमेशा से रहे है। आपको बता दें कि विधायक गौरव सिंह पारधी ने प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित कर रखा है कि उनकी विधानसभा में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित नहीं होगी. जुंआ, सट्टा, अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने के लिए विधायक एक नहीं बल्कि कई बार सार्वजनिक मंच से अफसरों को बोल चुके है. मगर, पौनियां में अवैध मैंगनीज खनन की तैयारी हो रही है. जिसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को भी मिली है परंतु कार्रवाई नहीं हो रही है. यह बात जागरूक जनता को हजम नहीं हो रही है. आखिरकार विधायक से अधिक शक्तिशाली नेता उनकी विधानसभा में कौन है. जिसके दबाव में आकर प्रशासन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है. यह सभी जानने के लिए बेहद आतुर है. खैर, पौनियां में एक बार फिर से मैंगनीज खनन के लिए माफिया सक्रिय दिख रहे है।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com